हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, बुधवार 12 अगस्त 2026

तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

12 बंगोली स्कूल में हरेली त्योहार मना



14 खेतों में लौटने लगी हरियाली, रोपा-बुआई का दौर ...






## 10वीं-12वीं पास, स्नातक व स्नातकोत्तर विद्यार्थी ध्यान दें- औद्योगिक सुरक्षा एवं अग्निशमन प्रशिक्षण द्वारा नौकरी सुनिश्चित करें...

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान है, भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते है, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंधन पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्ध कराना है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपुर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं

इच्छुक छात्र- छात्राएं आवेदन करें
फायर सेफ्टी के कोर्स



1. एक वर्ष फायर सेफ्टी
2. एक वर्षीय इंडस्ट्रियल सेफ्टी
3. बी.एस.सी. फायर सेफ्टी
4. सेनेटरी हेल्थ इंस्पेक्टर
5. (ADIS) एडवांस्ड डिप्लोमा इंडस्ट्रियल सेफ्टी
6. (PDIS) पोस्ट डिप्लोमा इंडस्ट्रियल सेफ्टी
7. सर्टिफिकेट कोर्स फायर एवं सेफ्टी

विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे है संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्याथियों को सरकारी प्रमाण पत्र प्रदान किया जावेगा। प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। **अधिक जानकारी के लिए-**

**पताः फायर सेफ्टी एवं डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)**
**संपर्क करें: मो. 7697212782**

Advt.



B.M. COLLEGE
B.Ed.
कोड-114336
काउंसलिंग अंतिम तिथि
12/08/26
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
9340311314, 9098849923
9303893829, 9300850065


## फुटबॉल स्पर्धा में पांच जिलों के 270 खिलाड़ियों ने दिखाया दम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

पीएम श्री सेजेस स्कूल के खेल मैदान में अंतर शालेय क्षेत्रीय संभाग स्तरीय बालक फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता में रायपुर संभाग के पांच जिलों रायपुर, बलौदाबाजार, धमतरी, गरियाबंद और महासमुंद की टीमों ने हिस्सा लिया। तीन आयु वर्गों में आयोजित प्रतियोगिता में करीब 270 खिलाड़ियों के साथ 40 कोच एवं मैनेजर शामिल हुए। बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रतिभावान खिलाड़ियों का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन किया गया है। इससे खिलाड़ियों में खासा उत्साह देखने को मिला। ▶▶ शेष पेज 12 पर

### प्रतियोगिता में खिलाड़ियों के प्रदर्शन का बारीकी से किया गया मूल्यांकन



### तीनों आयु वर्ग में रायपुर अव्वल

प्रतियोगिता के परिणामों में रायपुर का दबदबा देखने को मिला। 14 वर्ष बालक वर्ग में रायपुर ने प्रथम और बलौदाबाजार ने द्वितीय स्थान हासिल किया। वहीं 17 वर्ष वर्ग में रायपुर प्रथम तथा महासमुंद द्वितीय रहा। इसी प्रकार 19 वर्ष बालक वर्ग में रायपुर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि धमतरी की टीम द्वितीय स्थान पर रही।

### मैदान में दिखा खिलाड़ियों का जोश

प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों ने शानदार खेल कौशल, अनुशासन और टीम भावना का प्रदर्शन किया। विभिन्न टीमों के बीच हुए मुकाबलों में खिलाड़ियों ने जीत के लिए जमकर पसीना बहाया। खेल मैदान पर खिलाड़ियों के उत्साह और प्रतिस्पर्धात्मक भावना ने प्रतियोगिता को रोमांचक बना दिया। प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर जनपद पंचायत कसडोल के सभापति मोरध्वज पैकरा एवं सहायक जिला क्रीड़ा अधिकारी संदीप शर्मा सहित जिले के व्यायाम शिक्षक उपस्थित रहे। अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए खेलों में अनुशासन और निरंतर अभ्यास को सफलता की कुंजी बताया।

## खबर संक्षेप

### आज मनाया जाएगा हरेली तिहार

**खरोरा।** अंचल में आज रहेली तिहार मनाया जायेगा। हरेली पर किसान अपने हल, फावड़ा, कुदाली, रपली आदि कृषि औजारों की पूजा करेंगे। नाना प्रकार के पकवान चीला खुरमी ठेठरी चौंसेला बनाकर चढ़ाया जायेगा। बच्चे लोग चारों तरफ हरियाली देखकर खुशी में बांस की गेंड़ी बनाकर मजा लेते देखे जायेंगे और गेंड़ी दौड़ प्रतियोगिता, खो-खो, कबड्डी, अंखमुन्दा, बिल्लस, लुकाछुपी खेल में हिस्सा लेंगे। गांव के लोहार लोग सबके घर जाकर नीम की पत्तियों को लगायेंगे। किसान पशुधन बैल और गौऊ माता को स्नान करा पूजा करेंगे। खम्हार के पत्ते में आटे की लोई और नमक पकवान बनाकर खिलायेंगे।

### हरेली पर्व पर गांवों में होंगी विभिन्न खेल स्पर्धाएं

**हिरमी रावन।** छत्तीसगढ़ के पारंपरिक एवं कृषि आधारित पर्व हरेली को लेकर अंचल के हिरमी, मोहरा, भालेसूर, बरडीह, मुसवाडीह सहित आसपास के गांवों में उत्साह का माहौल है। पर्व के अवसर पर ग्रामीण क्षेत्रों में मटका फोड़, खो-खो, कबड्डी सहित विभिन्न पारंपरिक खेल एवं स्पर्धाओं का आयोजन किया जाएगा। इन आयोजनों में ग्रामीणों के साथ बच्चों और युवाओं की भी उत्साहपूर्वक भागीदारी रहेगी। हरेली पर्व के दिन सुबह से ही गांवों में विशेष चहल-पहल रहेगी। किसान अपने कृषि उपकरणों और नागर-बैल की साफ-सफाई कर विधिवत पूजा-अर्चना करेंगे। वहीं बच्चे गेड़ी की पूजा कर उस पर चढ़कर हरेली पर्व की खुशियां मनाएंगे। ग्रामीण क्षेत्रों में पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार घरों के मुख्य दरवाजे पर नीम की डालियां खोंचने की परंपरा भी निभाई जाएगी।हरेली के अवसर पर घरों में विभिन्न प्रकार के पारंपरिक व्यंजन भी बनाए जाएंगे। ग्रामीणों का मानना है कि यह पर्व कृषि, प्रकृति और लोक परंपराओं से जुड़ा हुआ है। इस दिन किसान अच्छी फसल, पशुधन की खुशहाली और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना करते हैं।अंचल में हरेली पर्व के दौरान होने वाली खेल स्पर्धाओं को लेकर बच्चों और युवाओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है। पारंपरिक पर्व के साथ खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के आयोजन से गांवों में आपसी भाईचारे और सामाजिक एकजुटता का वातावरण बनेगा।



### चोरी : गल्ला तोड़ 10 हजार से अधिक की रकम पार


## दुकान में नकाबपोश चोरों का धावा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिला मुख्यालय के मुख्य मार्ग दशहरा मैदान के पास स्थित डेली नीड्स दुकान में सोमवार देर रात दो नकाबपोश चोरों ने धावा बोल दिया। आरोपियों ने दुकान का ताला तोड़कर गल्ले में रखी 10 हजार से अधिक की नकदी और चिल्लर राशि चोरी कर ली। पूरी वारदात दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। घटना की सूचना मिलने के बाद सिटी कोतवाली पुलिस जांच में जुट गई है।

- आसपास के कैमरों की फुटेज खंगाल रही कोतवाली पुलिस

जानकारी के अनुसार मुख्य मार्ग दशहरा मैदान रोड स्थित दुकान संचालक अभिषेक केसरवानी मंगलवार सुबह दुकान खोलने पहुंचे। शटर खुला देखकर उन्हें चोरी की आशंका हुई। अंदर जाकर जांच करने पर दुकान का सामान अस्त-व्यस्त मिला और ▶▶ शेष पेज 12 पर



### रात्रि गश्त पर उठे सवाल

जिला मुख्यालय में लगातार चोरी और उठाईगिरी की घटनाओं से व्यापारियों में चिंता बढ़ रही है। पूर्व में भी चोरी की कुछ घटनाओं में आरोपियों तक पहुंचने में पुलिस को सफलता नहीं मिली है। ऐसे में देर रात सुनसान इलाकों में पुलिस की गश्त व्यवस्था को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। व्यापारियों ने रात के समय प्रमुख बाजार और व्यावसायिक क्षेत्रों में गश्त बढ़ाने की मांग की है।

### फर्नीचर दुकान में चोरी के आरोपी सीसीटीवी कैमरे में कैद

**मुंडा।** लवन थाना क्षेत्र के मेन रोड पर स्थित मुंडा गांव में मंगलवार की रात्रि अज्ञात चोरों ने एक फर्नीचर दुकान को अपना निशाना बनाया। अज्ञात चोरों ने दुकान के शटर का ताला तोड़कर दराज के अंदर रखे नगदी 35 हजार को चुरा कर ले गए। चोर इतना शातिर था कि अपनी पहचान छुपाने के लिए शटर के बाहर और अंदर लगे सीसीटीवी कैमरे की वायर को काट दिया गया। हालांकि चोरी करने दुकान पहुंचने के दौरान ही शटर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में अज्ञात चोर कैद हो गया। अज्ञात चोर रेनकोट पहने हुए और चेहरे को ढके हुए दिख रहे हैं। दुकान मालिक ने फर्नीचर दुकान में हुई चोरी की रिपोर्ट लवन थाने में दर्ज कराया है। मामले में पुलिस द्वारा रिपोर्ट दर्ज कर जांच में जुट गई है। मुंडा में ढनढनी मोड के आगे मेन रोड पर ग्राम दतान के रहने वाले ललित कुमार साहू साहू द्वारा अपने जीजा अमरनाथ साहू के मकान को किराए में लेकर फर्नीचर दुकान खोला हुआ है। 10 अगस्त की रात करीब 2 बजे के बीच ललित इंटर प्राइजेश की फर्नीचर दुकान में एक अज्ञात चोर रेनकोट पहने और चेहरे को ढके हुए दिख रहे हैं जो पहले शटर के ताला को तोड़कर शटर को उठाने का प्रयास किया गया। शटर ऊपर नहीं उठ पाया क्योंकि शटर के अंदर और भी ताला लगा हुआ था। अज्ञात चोर ने शटर के एक साइड को किसी औजार से उठाकर अंदर प्रवेश किया। दराज में ▶▶ शेष पेज 12 पर



- रेनकोट पहने और चेहरा ढके होने से पहचान पाना हो रहा मुश्किल

### सावन के दूसरे सोमवार सिद्धेश्वर युवा मंच ने चलाया स्वच्छता अभियान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

सावन के द्वितीय सोमवार पर सिद्धेश्वर युवा मंच द्वारा ऐतिहासिक सिद्धेश्वर मंदिर परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान युवा मंच के सदस्यों ने मंदिर प्रांगण, आवागमन मार्ग एवं आसपास के स्थानों की साफ-सफाई कर कचरे को एकत्रित कर उसका उचित निपटारा किया। सावन सोमवार के चलते सिद्धेश्वर मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का आगमन हुआ। श्रद्धालुओं को स्वच्छ एवं बेहतर वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से युवाओं ने सुबह से ही स्वच्छता अभियान शुरू किया। इस दौरान युवाओं ने लोगों को धार्मिक स्थलों पर स्वच्छता बनाए रखने तथा कचरा निर्धारित स्थान पर डालने के लिए जागरूक भी किया। नगर पंचायत अध्यक्ष गोपी साहू ने कहा कि सिद्धेश्वर मंदिर पलारी की ▶▶ शेष पेज 12 पर

## गांजा तस्करी के दोषी को 10 साल की सजा और एक लाख जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

जिला में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के आरोप में पुलिस ने अंतराज्यीय तस्कर से 53 किलो गांजा जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया था। थाना गिधौरी पुलिस ने अदालत में प्रस्तुत साक्ष्यों के बल पर मादक पदार्थ के एक बड़े तस्कर को कड़ी सजा दिलाई है।

विशेष न्यायालय बलौदाबाजार की पीठासीन अधिकारी संगीता नवीन तिवारी ने 8 अगस्त को फैसला सुनाते हुए आरोपी कृष्णेन्द्र उर्फ कन्हैया त्रिपाठी को को धारा 20(ii)(सी) के तहत 10 वर्ष के सश्रम कारावास एवं एक लाख रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। जुर्माना न देने पर आरोपी को 6 महीने का अतिरिक्त सश्रम कारावास भुगतना होगा।



घटना 21 जनवरी 2024 की है। थाना गिधौरी पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक वर्ना कार रजिस्ट्रेशन नंबर एमपी 19 सीए 9503 में भारी मात्रा में अवैध गांजा भरकर भटगांव की ओर से गिधौरी होते हुए कसडोल की तरफ ले जाया जा रहा है।

सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने नवीन अमलीडीह रोड के पास घेराबंदी की। पुलिस को देखकर कार चालक वाहन को तेजी से भगाते हुए एक पत्थर के ढेर के पास छोड़कर अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। पुलिस ने जब वाहन की तलाशी ली, तो डिग्गी से 53 किलो 100 ग्राम ▶▶ शेष पेज 12 पर

### पुलिस ने घर में गांजा रखकर बेचने वाले आरोपी को दबोचा

**पलारी।** पुलिस ने ग्राम पौसरी में अपने ही मकान से अवैध रूप से गांजा बेच रहे एक आरोपी को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।पलारी पुलिस को मुखबिर से 10 अगस्त को सूचना मिली कि ग्राम पौसरी निवासी 67 वर्षीय रामकुमार वर्मा अपने घर के अंदर अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा रखकर बिक्री कर रहा है। सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने ग्राम पौसरी स्थित संदेही के मकान में दबिश दी। पुलिस टीम द्वारा संदेही रामकुमार वर्मा की उपस्थिति में उसके मकान की विधिवत तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान घर के एक कमरे में रखे सफेद-लाल रंग के थैले से अवैध गांजा बरामद हुआ। मादक पदार्थ और नकदी जब्त पुलिस द्वारा इलेक्ट्रॉनिक तराजू से तौल कराने पर बरामद गांजे का कुल वजन 1.218 किलो पाया गया, जिसकी अनुमानित कीमत 14,616 बताई जा रही है। इसके अलावा आरोपी की जेब से गांजा बिक्री का 200 ▶▶ शेष पेज 12 पर



## ब्यूटी पार्लर-जिम की सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल, जिलेभर में जांच की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

शहर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित महिला ब्यूटी पार्लर में प्रशिक्षण के लिए जा रही 19 वर्षीय युवती से कथित छेड़छाड़ और पीछा करने के मामले में आरोपी अय्यूब खान की गिरफ्तारी के बाद जिले में संचालित महिला ब्यूटी पार्लर और जिम की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल उठने लगे हैं। सर्व हिंदू समाज ने इस मामले को लेकर जिला प्रशासन और पुलिस से जिलेभर में संचालित ऐसे संस्थानों की सुरक्षा व्यवस्था की जांच कराने की मांग की है। संगठन की ओर से मंगलवार को कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा गया। इसमें महिला ब्यूटी पार्लर और जिम में सुरक्षा ▶▶ शेष पेज 12 पर

### घटना के बाद सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल

ज्ञापन में कहा गया है कि सिटी कोतवाली क्षेत्र के एक महिला ब्यूटी पार्लर में प्रशिक्षण लेने जा रही 19 वर्षीय युवती के साथ कथित छेड़छाड़ का मामला सामने आया था। युवती की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी अय्यूब खान, निवासी नेहरू चौक, को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। प्रकरण में आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है। संगठन ने प्रशासन से यह भी पूछा है कि इन संस्थानों का समय-समय पर निरीक्षण किया जाता है या नहीं।

### कर्मचारियों की जानकारी प्रदर्शित करने की मांग

संगठन ने जिले में महिलाओं के लिए संचालित ब्यूटी पार्लर और जिम में कार्यरत पुरुष एवं महिला कर्मचारियों की आवश्यक जानकारी, उनकी भूमिका और संस्थान में उनकी उपस्थिति का विवरण स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करने की व्यवस्था करने की भी मांग की है। संगठन का कहना है कि पारदर्शी व्यवस्था और बेहतर सुरक्षा प्रबंध से महिलाओं एवं युवतियों को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने के साथ छेड़छाड़ जैसी घटनाओं की रोकथाम में मदद मिल सकती है। ज्ञापन की प्रतियां पुलिस अधीक्षक, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, संबंधित थाना प्रभारी और नगर पालिका अधिकारी को भी सौंपी गई हैं। अब जिला प्रशासन की ओर से जिलेभर के ब्यूटी पार्लर और जिम की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर निरीक्षण या जांच अभियान शुरू किए जाने का इंतजार है। ज्ञापन सौंपने के दौरान अभिषेक मिकी तिवारी, रोमी साहू, शंकर दुलानी, रवि यादव, रजनीश साहू, दिनेश यादव, दिनेश धीवर सहित सर्व हिंदू समाज के सदस्य मौजूद थे।

### आधी रात रेस्क्यू कर युवक की बचाई थी जान

## उफनते बरघाट नाले में फंसे युवक को बचाने वाले पुलिस जवान और ग्रामीण सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

बरसात के दौरान उफनते बरघाट नाले में फंसे युवक की जान बचाने के लिए आधी रात जान जोखिम में डालकर रेस्क्यू ऑपरेशन चलाने वाले पुलिस जवानों और ग्रामीणों को पुलिस अधीक्षक गौरव राय ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। जिला पुलिस कार्यालय में आयोजित सम्मान समारोह में कसडोल पुलिस, डायल-112 टीम और ग्राम असनींद के आठ साहसी ग्रामीणों के अदम्य साहस की सराहना की गई।

घटना 8 अगस्त की रात बलार रोड स्थित बरघाट नाले की है। भारी बारिश के कारण नाले का जलस्तर काफी बढ़ गया था और तेज बहाव के बीच एक युवक नाला पार करने के प्रयास में बह गया। कुछ दूर जाकर वह नाले के बीच स्थित एक पेड़ के सहारे फंस गया। सूचना मिलते ही कसडोल पुलिस, डायल-112 टीम और स्थानीय ग्रामीण मौके पर पहुंचे। अंधेरी रात और तेज बहाव के बावजूद टीम ने योजनाबद्ध तरीके से रस्सी के सहारे रेस्क्यू अभियान चलाकर युवक को सकुशल बाहर निकाल लिया।

इस साहसिक कार्य के लिए पुलिस अधीक्षक गौरव राय ने कसडोल पुलिस एवं डायल-112 टीम के PSI उमेश कुमार टंडन, प्रधान आरक्षक संतकुमार बिंझवार, आरक्षक अजय बंजारे, रवि प्रकाश कंवर, विशंभर लहरें, डायल-112 के आरक्षक राजकुमार प्रजापति एवं चालक केशव प्रसाद साहू को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। वहीं ग्राम असनींद के बिकेंद्र ध्रुव, हेमंत ▶▶ शेष पेज 12 पर





**खबर संक्षेप**

## हरेली आज, हल व कृषि औजारों की होगी पूजा

**अर्जुनी।** किसानों का पर्व हरेली 12 अगस्त को अंचल के अर्जुनी, टोनाटार, गोगिया, मोपर टोपा, गोढ़ी, मिरगी, नवागांव, पुरेना, खैरताल, खम्हरिया, भद्रापाली सहित आसपास के गांवों में मनाया जाएगा। इस दिन खेती किसानी में काम आने वाले हल व अन्य औजारों की पूजा होगी। बच्चे व युवा इस दिन गेंड़ी का भी आनंद लेते हैं। सावन माह की अमावस्या को प्रतिवर्ष हरेली त्यौहार मनाया जाता है। इस दिन हल, फावड़ा व अन्य कृषि औजारों की पूजा की जाती है। त्यौहार को लेकर ग्रामीणों में उत्सुकता है। किसानों के लिए हरियाली पर्व का विशेष महत्व होता है। इस दिन किसान सुबह से कृषि यंत्रों को धोकर आंगन में चौक सजाकर उसे रखेंगे और परंपरागत ढंग से उसकी पूजा अर्चना कर गुड़ चीला व नारियल का भोग लगाएंगे। बच्चे व युवा बांस की गेंडी भी चढ़ेंगे। त्यौहार को लेकर ग्रामीणों में उत्सुकता है। घरों में चीला,बोबरा सहित अन्य पकवान बनाए जाएंगे।

## लोकश्वरी ने हासिल की पीएचडी की उपाधि

**बिरकोनी।** ग्राम बिरकोनी निवासी के लोकेश्वरी तिवारी ने अपने शोध कार्य को सफलतापूर्वक पूर्ण करते हुए पीएचडी (डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी) की उपाधि प्राप्त की है। लोकेश्वरी ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता घनश्याम प्रसाद तिवारी एवं शकुंतला तिवारी को देते हुए शोध निर्देशक, परिवारजनों एवं सभी सहयोगियों मार्गदर्शकों को दिया है। उन्होनें कहा कि यह उपलब्धि उन्हें शिक्षा एवं शोध के क्षेत्र में आगे भी निरंतर बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित करेगी।

## गौमाता को पहनाई गई गौरक्षा रेडियम बेल्ट

**बसना।** बरसात के मौसम में खराब रोशनी के कारण सड़कों पर विचरण कर रहे गौवंशों के दुर्घटनाग्रस्त होने की बढ़ती संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए मारवाड़ी युवा मंच बसना शाखा द्वारा गौमाता की सड़क हादसों से सुरक्षा के उद्देश्य से 10 अगस्त सोमवार के नगर के चारों प्रमुख मार्गों में बैठने वाले गौवंशों को गौरक्षा रेडियम बेल्ट पहनाई गई। इस अवसर पर मारवाड़ी युवा मंच के पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष चेतन अग्रवाल भंवरपुर, प्रांतीय उपाध्यक्ष मुख्यालय राजकुमार अग्रवाल बसना, प्रांतीय सहसंयोजक गौसेवा एवं जीव दया नितिन अग्रवाल झलप, बसना शाखा अध्यक्ष सुमित (छोटू) अग्रवाल, संदीप अग्रवाल बसना के साथ बसना नगर पंचायत पार्षद महेंद्र सिंह अरोरा, क्षेत्र के गौसेवक दीपक शर्मा बसना, गीतेश पंडा पिथौरा, कमलेश डडसेना सपोस, अभिषेक दास बसना, आकाश सिन्हा बसना, उमेश बंजारा बसना, राहुल नायक बसना आदि ने उपस्थित रहकर गौमाता को रोटी / केला खिलाया।

## लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिए 7 दिन का अवसर

**महासमुंद।** सहायक आयुक्त आदिवासी विकास शिल्पा साय ने बताया कि 06 जुलाई 2026 की स्थिति में असफल छात्रवृत्ति भुगतान के लंबित प्रकरणों का निराकरण किया जाना है। वर्षवार लंबित छात्रवृत्ति प्रकरणों में अनुसूचित जनजाति वर्ग के 363 प्रकरण वर्ष 2021-22 के है, वही 24 प्रकरण वर्ष 2022-23, 1 प्रकरण वर्ष 2023-24 और 97 प्रकरण वर्ष 2025-26 के हैं।

**तिरंगा यात्रा : हर घर तिरंगा अभियान के तहत निकली तिरंगा यात्रा**

# कदम-कदम पर गूंजा नारा, झंडा ऊंचा रहे हमारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हथबंद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर देशभर में चलाए जा रहे हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत भाजपा हथबंद नवापारा मंडल द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली गई। इसमें भाजपा पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, युवाओं, बच्चों, शिक्षकों, रोजगार सहायकों एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

तिरंगा यात्रा नवापारा स्कूल परिसर से प्रारंभ होकर ग्राम पंचायत, बाजार चौक होते हुए शहीद मिथलेश साहू परिसर पहुंची। यहां शहीद मिथलेश साहू की प्रतिमा पर श्रद्धापूर्वक पुष्पांजलि अर्पित कर सलामी दी गई। इसके पश्चात यात्रा बाजार चौक होते हुए पुनः नवापारा स्कूल परिसर पहुंची, जहां राष्ट्रभक्ति के नारों के साथ तिरंगा यात्रा का समापन किया गया।

तिरंगा यात्रा में छोटे-छोटे बच्चों की विशेष सहभागिता आकर्षण का केंद्र रही। बच्चों ने हाथों में तिरंगा लेकर भारत माता की जय, वंदे मातरम् और झंडा ऊंचा रहे हमारा जैसे राष्ट्रभक्ति के नारे लगाए। बच्चों के उत्साह और देशप्रेम ने पूरे वातावरण को राष्ट्रभक्ति से सराबोर कर दिया।

मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष आनंद यादव, जनपद अध्यक्ष, भाजपा हथबंद–नवापारा मंडल अध्यक्ष डॉ. दौलत राम पाल, विधायक प्रतिनिधि करण वर्मा एवं सरपंच डोमार सिंह मारकंडे उपस्थित रहे।

इसके साथ ही मंडल के प्रमुख पदाधिकारियों में मंडल उपाध्यक्ष धन्ना धनेश्वर निषाद, लोकनाथ वर्मा, प्रकाश पाल, जीतू यादव, संतराम ध्रुव, खेमलाल साहू एवं बबलू पटेल सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल हुए।



### कटगी में निकाली तिरंगा यात्रा

**कटगी।** हर घर तिरंगा अभियान के तहत मंगलवार को ग्राम पंचायत एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय कटगी के संयुक्त तत्वावधान में तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा के दौरान विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों ने हाथों में तिरंगा लेकर देशभक्ति के नारे लगाए। इस अवसर पर स्वतंत्रता संग्राम के महापुरुषों के त्याग और बलिदान को याद किया गया। साथ ही छत्तीसगढ़ के शहीद वीर नारायण सिंह एवं जननायक गुंडाधुर के शौर्य और बलिदान को नमन करते हुए नई पीढ़ी को देश की आजादी के संघर्ष से अवगत कराया गया।



## तिरंगा यात्रा में गूंजा झंडा ऊंचा रहे हमारा का संदेश



**हथबंद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर चलाए जा रहे हर घर तिरंगा'अभियान के तहत 11 अगस्त मंगलवार को न्यू छत्तीसगढ़ स्कूल कुकराचूंदा में बच्चों द्वारा तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। नन्हें हाथों में तिरंगा, जुबां पर देशभक्ति के नारे -तिरंगा यात्रा स्कूल परिसर से प्रारंभ होकर ग्राम पंचायत होते हुए गांधी चौक पहुंची।

यहां महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर जयकार की गई। इसके बाद यात्रा पुनः स्कूल परिसर लौटकर राष्ट्रभक्ति के नारों के साथ सम्पन्न हुई। नन्हें-मुन्नें बच्चों की विशेष सहभागिता आकर्षण का केंद्र रही। हाथों में तिरंगा लेकर बच्चों ने भारत माता की जय, वंदे मातरम् और झंडा ऊंचा रहे हमारा के नारे लगाकर पूरे क्षेत्र को राष्ट्रभक्ति से सराबोर कर दिया।

यात्रा में भाजपा सदस्यों सहित हिन्दू जागरण मंच जिला संयोजक थानेश्वर वर्मा, सह संयोजक अखिलेश्व शुक्ला, स्कूल संचालक प्रमोद शुक्ला, जिला सूचना संग्रहक सुशील सराफ, कुसुम साहू, दुर्गा यदु, आंचल पाल सहित जनप्रतिनिधि, शिक्षक, युवा और बड़ी संख्या में पालक उपस्थित रहे। स्कूल संचालक प्रमोद शुक्ला ने कहा कि प्रधानमंत्री के 'हर घर तिरंगा, घर-घर तिरंगा' अभियान से बच्चों में देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता की भावना मजबूत हो रही है।

# जिलाध्यक्ष ने लवन ब्लॉक को दिया हस्ताक्षर अभियान का मंत्र



हरिभूमि न्यूज ▶▶| लवन

ब्लॉक कांग्रेस कमिटी की मासिक बैठक में बलौदा ज़ार कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुमित्रा घृतलहरे एवं ब्लॉक प्रभारी सुनील कुर्रे ने हस्ताक्षर अभियान को लेकर दिशा निर्देश दिए। सोमवार को बुलाई गई मासिक बैठक में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी लवन के प्रभारी महामंत्री के मौजूदगी में विभिन्न मंडल, सेक्टर, बूथ कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में हस्ताक्षर अभियान को लेकर आगे की प्रक्रिया से सजग कराया।

जिसमें ब्लॉक कांग्रेस को गांव गली तक जाकर भाजपा द्वारा स्मार्ट मीटर के नाम पर हो रही लूट से जनता में उठ रहे आक्रोश को हस्ताक्षर के माध्यम से एक जन-आंदोलन में तब्दील करना है।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी लवन के प्रभारी महामंत्री वीरेंद्र बहादुर कुर्रे की अध्यक्षता में हुई इस मीटिंग में कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुमित्रा घृतलहरे, ब्लॉक कांग्रेस लवन प्रभारी सुनील कुर्रे, जिला कांग्रेस के महामंत्री सतीश पांडे अमर मिश्रा, वरिष्ठ कांग्रेसी बनऊ निराला देवीलाल बार्वे प्रताप डहरिया, जनपद पंचायत के विधायक प्रतिनिधि अजय ताम्रकार, लवण नगर पंचायत पार्षदगण मृत्युंजय पांडेय, प्रकाश ताम्रकार, येसुदास निराला, लवन नगर पंचायत विधायक प्रतिनिधि अजय बार्वे, ब्लॉक कांग्रेस लवन के पदाधिकारियों में अभिषेक पांडेय, संतोष साहू, मंडल अध्यक्षगण संतोष साहू, मोहरचंद सोनबरसा, दौलतराम साहू, कोमल वर्मा, सागर ध्रुव, सियाराम साहू, मौजूद रहे।

## शिवरात्रि व्रत पर हाथों में लेकर किया जल स्नान

**महासमुंद।** सावन शिवरात्रि व्रत पर तालाब में महिलाओं ने हाथों में लेकर जल स्नान किया। इस दौरान पुष्पा ने बताया कि सावन शिवरात्रि के दिन किसी पवित्र नदी, कुंड या तालाब में स्नान करना बहुत ही शुभ और पुण्यकारी माना जाता है। इससे शरीर और मन की शुद्धि होती है। स्नान के बाद साफ वस्त्र पहनकर भगवान शिव की पूजा और जलाभिषेक किया जाता है। सावन शिवरात्रि पर सुबह जल्दी उठकर सूर्योदय से पहले स्नान करना सबसे अच्छा माना गया है। यदि संभव हो तो स्नान के पानी में थोड़ा सा गंगाजल या काले तिल मिलाकर स्नान करते हैं। सावन शिवरात्रि पर भगवान महादेव पूजा अर्चना करने से का सभी कष्ट दूर कर हो जाते हैं।

# दिशा पब्लिक स्कूल रोहिना में मना हरेली पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव

दिशा पब्लिक स्कूल रोहिना में हरेली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को छत्तीसगढ़ की लोकसंस्कृति एवं परंपराओं से परिचित कराने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण और हरियाली के महत्व के प्रति जागरूक करना रहा।

हरेली पर विद्यालय के सभी विद्यार्थी हरे रंग की पोशाक में विद्यालय पहुंचे। विद्यालय परिसर में विभिन्न पारंपरिक एवं मनोरंजक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इनमें गेड़ी दौड़, गेड़ी सजावट, फुगड़ी, नारियल फेंक सहित अनेक प्रतियोगिताएं प्रमुख रहीं। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतियोगिताओं में भाग लिया और पारंपरिक खेलों का आनंद लिया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को पर्यावरण के महत्व, पेड़-पौधों के संरक्षण तथा प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी के बारे में जानकारी दी गई।

कार्यक्रम को सफल बनाने में शाला निर्देशक दुर्गेश साहू, प्राचार्य मनोज टंडन, राजकुमारी साहू, उमा किरण, अस्तर महिपाल, बंदना मानिकपुरी, पूर्णिमा आदित्य, प्रशांत सिंह, वंदना साहू, वीना साहू, अंजली धीवर, अवंतिका सोनवानी, कंचन हिरवानी, यशवंती साहू, सरिता साहू, माधुरी बंजारे, पूर्णिमा साहू, पूर्णिमा तृप्ति, रिया, प्रियंका, सोमनाथ एवं करण, सुकृता जरवार, कान्हा सहित विद्यालय के समस्त स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



## सशिमं मोहरा में बच्चों ने दिया हरियाली का संदेश

**हिरमी रावन।** छत्तीसगढ़ के पारंपरिक कृषि पर्व हरेली तिहार की पूर्व संध्या पर सरस्वती शिशु मंदिर, मोहरा में हरियाली एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। हरेली पर्व आज 12 अगस्त को मनाया जाएगा। इस अवसर पर विद्यालय में बच्चों सहित सभी शिक्षिकाएं हरे रंग के परिधानों में नजर आईं, जिससे विद्यालय परिसर में हरियाली और प्रकृति के प्रति जागरूकता का सुंदर संदेश देखने को मिला। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने छायादार एवं फलदार पौधों का रोपण किया तथा पौधों की देखभाल और संरक्षण का संकल्प लिया।

विद्यालय परिवार ने बच्चों को पर्यावरण संरक्षण के महत्व की जानकारी देते हुए कहा कि पेड़-पौधे हमारे जीवन का आधार हैं। अधिक से अधिक पौधे लगाकर और उनकी नियमित देखभाल कर हम आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ एवं हरा-भरा वातावरण तैयार कर सकते हैं। हरेली पर्व प्रकृति, कृषि और हरियाली से जुड़ा छत्तीसगढ़ का प्रमुख लोकपर्व है, इसलिए विद्यालय द्वारा पर्व से पहले पौधरोपण के माध्यम से दिया गया।



### बंगोली स्कूल में हरेली त्योहार मना

**बंगोली।** प्राथमिक शाला बंगोली में मंगलवार को हरियाली त्यौहार मनाया गया। प्रधानपाठक सविता चंद्राकर के निर्देशन में कक्षा पहली से पॉचवी तक के बच्चों ने बॉस से बने गेड़ी बनाकर प्रदर्शन किया। लड़कियों ने हरे रंग की साड़ी सहित छत्तीसगढ़ी पारंपरिक परिधान में हरियाली त्यौहार मनाया।



इस दौरान गेड़ी, नागर, गैती और विभिन्न कृषि औजारों की पूजा में भजिया, चीला रखा गया था। वहीं स्कूली बच्चों द्वारा फैंसी ड्रेस, गायन, रंगोली, चित्रकला का आयोजन किया गया। हरेली पर मध्यान्ह भोजन स्व सहायता समूह द्वारा मीठा भजिया परोसा गया।प्रधानपाठक सविता चंद्राकर, प्रतिमा वर्मा, दुर्गा साहू, शशिकला जोशी, बिट्टी नायक, देवकी नायक, धनमत, रोहणी यादव सहित स्कूली बच्चे उपस्थित थे।

## पेज 9 के शेष

### फुटबॉल स्पर्धा में...

आयोजन के दौरान आलोक मिश्रा, संतोष साहू, संजीव ध्रुव, गवेश हिरवानी, असीम कुजूर, अभानुर मिंज सहित शिक्षा विभाग के सदस्य एवं स्टार लाइन स्पोर्ट्स क्लब के सदस्य उपस्थित रहे। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में खेल विभाग, व्यायाम शिक्षकों, कोच-मैनेजर एवं आयोजन से जुड़े सभी सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### दुकान में नकाबपोश ...

गल्ला टूटा हुआ था। इसके बाद उन्होंने तत्काल सिटी कोतवाली पहुंचकर पुलिस को घटना की सूचना दी। बताया गया कि वारदात को अंजाम देने से पहले दोनों नकाबपोशों ने दुकान के आसपास रेकी की। सुनसान होने का फायदा उठाकर एक आरोपी दुकान के अंदर घुसा, जबकि दूसरा बाहर खड़े होकर निगरानी करता रहा। अंदर घुसे आरोपी ने सबसे पहले सीसीटीवी कैमरे का तार काटने का प्रयास किया और एक अन्य कैमरे को दूसरी दिशा में घुमा दिया। हालांकि, कैमरे की दिशा बदलने से पहले उसकी गतिविधियां सीसीटीवी में रिकॉर्ड हो गईं। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने दुकान में लगे सीसीटीवी फुटेज को कब्जे में लेकर आरोपियों की पहचान के प्रयास शुरू कर दिए हैं। साथ ही आरोपियों के आने-जाने वाले संभावित रास्तों पर लगे अन्य सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है।

### फर्नीचर दुकान में

रखे करीब 35 हजार को चोरी कर ले गया। चोरी कर रहे युवक की फोटो सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए अज्ञात चोर रेनकोट पहना हुआ और चेहरे को ढका हुआ था जिससे अज्ञात चोर की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। वही अज्ञात चोर के द्वारा अपनी पहचान छुपाने के लिए य पुलिस से बचने के दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे के वायर को काट दिया गया। बुधवार की सुबह फर्नीचर दुकान में हुई चोरी की घटना की जानकारी मिलने के बाद ललित कुमार साहू के द्वारा लवन थाना पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराया गया।

### सावन के दूसरे ...

धार्मिक एवं ऐतिहासिक पहचान है। यहां आने वाले श्रद्धालुओं को स्वच्छ वातावरण मिले, यह हम सभी की जिम्मेदारी है। सिद्धेश्वर युवा मंच के युवाओं द्वारा स्वच्छता अभियान चलाकर समाज को सकारात्मक संदेश दिया गया है। उक्त अवसर पर नगर पंचायत उपाध्यक्ष पिंटू वर्मा, पार्षद लेखु वर्मा, नेमसिंह बांधे, नारायण धीवर, घनश्याम धीरहे, सिद्धेश्वर युवा मंच के अध्यक्ष सौरभ वर्मा, हर्षू वर्मा, साधराम साहू, शेरखान, पुनीत रजक, गोलू वर्मा, अंशु साव, अरुण बंजारे, इंद्र वर्मा, शिवम मिश्रा, हर्षवर्धन वर्मा, हयात खान, खोमेश वर्मा, अंकित जोशी, सीनू जांगड़े, दीपेंद्र कन्नौजे, तुषार वर्मा, नवीन साहू, रिंकू साहू, सचिन त्रिपाठी, ईश्वर साहू, लाल यादव, सूरज निर्मलकर, नेमी साहू, राघव रजक, रामकुमार यदु आदि उपस्थित थे।

### गांजा तस्करी के...

अवैध गांजा बरामद हुआ। मामले की जांच के दौरान पुलिस ने वाहन स्वामी का सुराग लगाकर आरोपी कृष्णेन्द्र उर्फ कन्हैया त्रिपाठी 20 वर्ष निवासी डाम्हा, थाना नागौद, जिला सतना, मध्य प्रदेश को गिरफ्तार किया। थाना गिधौरी पुलिस ने सूक्ष्म विवेचना और संपूर्ण साक्ष्य जुटाकर चालान न्यायालय में पेश किया। मुकदमे के दौरान अतिरिक्त लोक अभियोजक संतोष कुमार कन्नौजे ने प्रभावी पैरवी की। इस प्रकरण की विवेचना सहायक उपनिरीक्षक प्रकाश जांगड़े एवं नेहरू राम साहू द्वारा की गई थी। सुनवाई के दौरान माननीय न्यायालय ने पाया कि जब्त गांजा वाणिज्यिक मात्रा 20 किग्रा से दोगुने से भी अधिक 53.100 किलो था। पुलिस द्वारा पेश किए गए ठोस व तकनीकी साक्ष्यों तथा अभियोजन पक्ष के तर्कों को स्वीकार करते हुए न्यायालय ने आरोपी को दोषी करार दिया और 10 वर्ष की जेल तथा 1 लाख रुपये जुर्माने की सजा सुनाई।

### पुलिस ने घर...

नगद भी बरामद किया गया। पुलिस ने कुल 14,816 मूल्य की संपत्ति को विधिवत जब्त कर सीलबंद कर दिया है। आरोपी का यह कृत्य धारा 20(B) के तहत दंडनीय अपराध पाए जाने पर थाना पलारी में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत जेल भेजा।

### ब्यूटी पार्लर-जिम ...

इंतजामों, पुरुषों के प्रवेश की व्यवस्था, कर्मच ारियों के पुलिस वेरिफिकेशन तथा संस्थानों में आने-जाने वाले लोगों का रिकॉर्ड रखने की व्यवस्था की जांच कराने की मांग की गई है। सर्व हिंदू समाज का कहना है कि घटना की जांच के साथ उन परिस्थितियों की भी समीक्षा जरूरी है, जिनके बीच ऐसी घटना सामने आई। संगठन ने विशेष रूप से महिला ब्यूटी पार्लर और जिम में पुरुष कर्मचारियों तथा अन्य पुरुषों के प्रवेश के नियमों और उनके पुलिस वेरिफिकेशन की स्थिति की जांच की मांग की है। सर्व हिंदू समाज ने ब्यूटी पार्लर और जिम संचालकों के लिए स्पष्ट सुरक्षा नियम निर्धारित करने तथा नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई करने की मांग की है।

### उफनते बरघाट नाले...

ध्रुव, गौतम ध्रुव, सरोज कुमार ध्रुव, गणेश राम ध्रुव, भागीरथी कोसले, फागु पटेल एवं संजय ध्रुव को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उप पुलिस अधीक्षक (यातायात) संजय साहू सहित पुलिस अधीक्षक कार्यालय का स्टाफ मौजूद रहा। एसपी गौरव राय ने कहा कि विषम परिस्थितियों में समय पर लिया गया सही निर्णय और पुलिस-जनता का सहयोग अनमोल जिंदगी बचाने में महत्वपूर्ण साबित हुआ। उन्होंने ग्रामीणों के साहस और नागरिक कर्तव्य की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायी बताया। साथ ही बारिश के मौसम में नागरिकों से उफनते नदी-नालों और रपटों को पार करने का जोखिम नहीं उठाने तथा सुरक्षा नियमों का पालन करने की अपील की।

## बगारपाली में बची युवक की जान, परिवार में लौटी खुशी

**महासमुंद।** बगारपाली में यूरिया घोल पीने के बाद जिंदगी और मौत के बीच झूल रहे एक युवक को समय रहते डायल-112 व इमरजेंसी सेवा 108 की मदद मिली। गांव के एक युवक की तत्परता से किए गए कॉल के बाद डायल-112 व इमरजेंसी सेवा 108 टीम बिना विलंब मौके पर पहुंची और पीड़ित को तत्काल नजदीकी शासकीय अस्पताल पहुंचाया गया। समय पर उपचार मिलने से युवक की जान बचाई जा सकी। घटना स्थल बगारपाली जहां एक युवक ने यूरिया को घोल पी लिया, जिससे वह जिंदगी और मौत के बीच झुल रहा था, ऐसे में गांव के ही एक अन्य युवक ने अपने मोबाईल से डायल-112 को काल किया, जिस पर त्वरित रिस्पांस देते हुए कॉलर के लोकेशन को ट्रैक करते हुए डायल 112 की टीम अविलंब ग्राम बगारपाली पीड़ति के घर पहुंची । कुछ ही देर बार इमरजेंसी सेवा 108 वाहन भी आ जाने से उक्त वाहन में पीड़ित युवक को बिना विलंब किए, उसे नजदीकी शासकीय अस्पताल पहुंचाई गई, जहां पर चिकित्सकों ने इलाज शुरू किया। जिससे की पीडित युवक की जान बचाई जा सकी और परिवार में खुशी वापस लौट आयी। समय रहते डायल-112 व इमरजेंसी सेवा 108 की मदद व चिकित्सा उपलब्ध होने से युवक की जान आज खतरे से बाहर है। डायल-112 व इमरजेंसी सेवा 108 की मदद से आज समय रहते पीडित युवक को अस्पताल पहुंचाया गया, जिससे की युवक की जान बचाई जा सकी।

## खबर संक्षेप

### महुआ पास ले जा रहे एक व्यक्ति पर कार्रवाई

**महासमुंद।** ग्राम घासीनगर में बागबाहरा पुलिस ने एक व्यक्ति के कब्जे से महुआ पास बरामद किया है। पुलिस ने बताया कि सूचना मिली कि ग्राम घासीनगर निवासी व संदेही बोधन नायक अपनी घर के बाड़ी में अवैध रूप से शराब बनाने के लिए महुआ पास रखा है। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने आरोपी बोधन नायक पिता स्व0 भुखऊ नायक (42 वर्ष) के कब्जे से 100 ग्राम महुआ पास बरामद किया। मामले में धारा 34(1)(च) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। इसी तरह ग्राम घासी नगर में ही पुलिस ने आरोपी महिला नानू पुरेना पति राजू पुरेना (33 वर्ष) के कब्जे से 6 लीटर हाथ भठ्ठी महुआ शराब कीमत 1200 रुपए को बरामद किया।

### बिरकोनी में मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम बिरकोनी में एक व्यक्ति के साथ मारपीट के मामले में कोतवाली थाने में आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। बिरकोनी का लक्ष्मीनारायण टंडन 4 अगस्त को रात करीब 11 बजे अपने कुत्ते को टहलाते हुए बर चौक के पास पहुंचा था। जहां पहले मौजूद डेविड मांडे ने प्रार्थी के साथ गाली गलौज कर मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। मारपीट से प्रार्थी के सिर में चोट लगी। जिला अस्पताल में दो दिन तक इलाज कराने के बाद सिटी कोतवाली में आरोपी के खिलाफ प्रार्थी लक्ष्मीनारायण ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। रिपोर्ट पर 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### छात्राओं ने जवानों के लिए भेजा रक्षासूत्र

**अरंड (पिथौरा)।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बारनवापारा की छात्राओं द्वारा बनाई गई राखी को जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय बलौदा बाजार में जमा किया गया। ऑपरेशन सिपाही रक्षा सूत्र अभियान 2026 के अंतर्गत एक राखी सिपाही के नाम 111 राखियां दुर्गेश कुमार वर्मा व्याख्याता शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बारनवापारा द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय बलौदा बाजार में जमा किया गया। अपने स्वहस्त निर्मित राखी को बार नवापारा शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला एवं हायर सेकंडरी स्कूल की छात्राओं ने देश की सीमाओं में मातृभूमि की सेवा में सेवारत वीर जवानों के लिए प्रेषित करने संस्था प्रमुख गुलाबराम चौधरी को सौंपा गया था।

### छात्राओं को दी गई प्रायोगिक जानकारी

**महासमुंद।** शासकीय माता कर्मा कन्या महाविद्यालय में बी कॉम. एवं बीए प्रथम वर्ष की नियमित छात्राओं को नेशनल डिजिटल लाइब्रेरी ऑफ इंडिया (एनडीएलआई) तथा वन नेशन वन सब्सक्रिप्शन (ओएनओएस) के उपयोग की प्रायोगिक जानकारी प्रदान की गई। महाविद्यालय के ग्रंथपाल अजय कुमार वास ने कक्षा में प्रोजेक्टर के माध्यम से ऑनलाइन प्रदर्शन करते हुए छात्राओं को बताया कि वे एनडीएलआई एवं ओएनओएस के माध्यम से रिसर्च पेपर, शोध जर्नल, ई-पुस्तकें तथा ऑडियो-वीडियो सामग्री खोजकर अपने मोबाइल से आसानी से एक्सेस एवं अध्ययन कर सकती हैं। यह कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. सब कुमार के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में वाणिज्य विभाग के डॉ.मनोज कुमार शर्मा एवं अंग्रेजी विभाग के प्राध्यापक अरविंद साहू का विशेष सहयोग रहा।

# गांव की मिट्टी से संभाग के खेल मैदान तक पहुंची 14 प्रतिभाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा-नेवरा

ग्रामीण अंचल की खेल प्रतिभाओं को यदि बेहतर प्रशिक्षण, संसाधन और अवसर मिलें तो वे बड़े मंच पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा सकती हैं। इसका शानदार उदाहरण अदाणी फाउंडेशन के सहयोग से संचालित मयूर क्लब, खम्हारिया के खिलाड़ियों ने पेश किया है। क्लब के 14 खिलाड़ियों का चयन विभिन्न आयु वर्गों की संभाग स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता के लिए हुआ है। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि से गांव, अभिभावकों और खेल प्रेमियों में उत्साह का माहौल है। हाल ही में आयोजित वॉलीबॉल चयन प्रतियोगिता में मयूर क्लब के खिलाड़ियों ने दमदार प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। 17 वर्ष बालिका वर्ग में रुचिका, युक्ति, रेशमी और नेहा ने चयन हासिल किया। वहीं 19 वर्ष बालिका वर्ग में वसुंधरा और पायल ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए संभाग स्तर पर जगह बनाई।बालक वर्ग में भी मयूर क्लब का दबदबा रहा। 14 वर्ष बालक वर्ग में भीमा, लक्की पाल और लोकेश वर्मा का चयन हुआ। वहीं 17 वर्ष बालक वर्ग में जितेश वर्मा, अनुराग वर्मा, लोकेश पाल और विक्रम पाल ने संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के लिए अपना स्थान पक्का किया।चयन प्रक्रिया के दौरान खिलाड़ियों ने बेहतर खेल कौशल के साथ अनुशासन, टीम भावना और खेल के प्रति समर्पण का प्रदर्शन किया।

## मयूर क्लब के खिलाड़ियों ने व्हालीबॉल चयन में लहराया परचम



### 14 खिलाड़ियों ने संभाग स्तर पर बनाई पहचान

ग्रामीण क्षेत्र के इन खिलाड़ियों का संभाग स्तर तक पहुंचना इस बात का प्रमाण है कि नियमित अभ्यास और सही मार्गदर्शन मिलने पर गांवों की प्रतिभाएं भी बड़े खेल मंचों पर अपनी पहचान बना सकती हैं। मयूर क्लब के 14 खिलाड़ियों की इस उपलब्धि ने क्षेत्र के अन्य बच्चों और युवाओं को भी खेलों में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया है। ग्रामीण खेल प्रतिभाओं को पहचान और अवसर देने की दिशा में अदाणी फाउंडेशन की यह पहल अब सकारात्मक परिणाम दे रही है।

## हरियाली और स्वच्छता के प्रति किया जागरूक, पौधों की देखभाल का लिया संकल्प

# पौधारोपण कर नीर तरंग महिला मंडल ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार




सावन माह के अवसर पर अल्ट्राटेक रावन की नीर तरंग महिला मंडल द्वारा ग्रासिम विहार कॉलोनी परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण एवं पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य कॉलोनीवासियों को हरियाली, स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना रहा।

महिला मंडल अध्यक्ष नीतू सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में महिला मंडल की सदस्यों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए विभिन्न पौधों का रोपण किया। इस दौरान सुतापा साहा, अनीता जेना, कविता गुप्ता, कमलेश परिहार, स्मृति धुरंधर, संपदा जोशी, दीपा प्रसाद, राखी जैन एवं विभा प्रसाद सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहीं।कार्यक्रम में पर्यावरण विभाग से संजय यादव एवं सुनील त्रिपाठी तथा बागवानी टीम से अदिति साहू और अमरनाथ यदु ने भी सहभागिता करते हुए पौधारोपण एवं हरित क्षेत्र के विकास में सहयोग किया। इस अवसर पर लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल और संरक्षण का संकल्प लिया गया। महिला मंडल की सदस्यों ने कहा कि पर्यावरण संतुलन, स्वच्छ वायु और जैव विविधता के संरक्षण के लिए पौधारोपण के साथ-साथ पौधों की नियमित देखभाल भी जरूरी है। कार्यक्रम के समापन पर महिला मंडल अध्यक्ष नीतू सिंह ने एक पौधा–एक जिम्मेदारी, हरियाली से खुशहाली का संदेश देते हुए पर्यावरण संरक्षण के लिए निरंतर प्रयास करने की अपील की। महिला मंडल ने भविष्य में भी सामाजिक सरोकार एवं पर्यावरण संरक्षण से जुड़े कार्यक्रम आयोजित करने की प्रतिबद्धता जताई।

## महाविद्यालय परिसर में किया गया पौधारोपण



**खरोरा।** स्व. रामप्रसाद देवांगन महाविद्यालय में पर्यावरण संरक्षण एवं हरित परिसर के उद्देश्य से पौधारोपण एवं पौध संरक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। महाविद्यालय परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपित किए गए तथा पूर्व में लगाए गए पौधों के संरक्षण एवं नियमित देखभाल का संकल्प लिया गया। प्राचार्य आरके साहू ने कहा कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में वृक्षों की महत्वपूर्ण भूमिका है। केवल पौधारोपण करना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि लगाए गए पौधों का संरक्षण एवं संवर्धन भी हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करते हुए अधिकाधिक पौधे लगाने और उनकी नियमित देखभाल करने के लिए प्रेरित किया। महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ. बाल्मीकि साहू ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से विद्यार्थियों में पर्यावरणीय चेतना एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पौधारोपण अभियान को केवल एक दिन की गतिविधि न मानकर इसे निरंतर चलने वाली जन-जागरूकता एवं संरक्षण गतिविधि के रूप में आगे बढ़ाया जाना चाहिए।इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार के हिमांशु ध्रुव, रचना मिश्रा, भगवती प्रसाद साहू, अंशु ध्रुव, चुलेश्वर साहू आदि प्राध्यापक एवं विष्णु गिरी, गैंद राम पटेल, किरण पटेल, चंद्रशेखर लोधी, राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

# मिनीमाता की पुण्यतिथि पर कांग्रेस सदस्यों ने अर्पित की श्रद्धांजलि



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दिवाकर मिश्रा के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ की प्रथम महिला सांसद, समाज सुधारक एवं जनसेवा की प्रतीक ममतामयी मिनीमाता की पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम हेमू कालानी वार्ड, खोखली रोड जैतखंभ के पास आयोजित किया गया।

भाटापारा विधायक इंद्र साव ने कहा मिनीमाता ने अपना संपूर्ण जीवन शोषित, वंचित और जरूरतमंद वर्गों के अधिकारों की आवाज बुलंद करने में समर्पित किया। उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सुशील शर्मा पूर्व मंडी अध्यक्ष शेखर चक्रधारी, नरेंद्र यदु, बिमलेश्वरी ध्रुव, लक्ष्मी पांडे, नानू सोनी, सीरीज जांगड़े, प्रमिला साहू, ओमप्रकाश यदु, अय्यूब बांठिया, शेषनारायण यदु , मोहन निषाद, धनंजय कुर्रे, गिरीश पारप्यानी, विक्रम लिलवानी, शादाब जलियांवाला, कुंजू साहू, चेतन दास मानिकपुरी, सीता साहू, सकीना दिव्य, गिरिराज चावड़ा सहित सभी कांग्रेसजन उपस्थित थे।

# इल्दा में बोल बम कांवरिया संघ ने लगाया भंडारा



खरोरा। ग्राम इल्दा में बोल बम कांवरिया संघ द्वारा सावन के दूसरे सोमवार पर भंडारा का आयोजन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामवासियों ने भंडारे में शामिल होकर प्रसाद ग्रहण किया और आयोजन का आनंद लिया। भंडारा कार्यक्रम में ग्रामवासियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। आयोजन के दौरान बोल बम कांवरिया संघ के सदस्यों ने श्रद्धालुओं एवं ग्रामीणों को प्रसाद वितरित किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से कांवरिया संघ के घनश्याम साहू, रामेश्वर धीवर, परमानंद साहू, युगल साहू, हेमलाल साहू, सुखराम धीवर, मनोज धीवर, समे धीवर, सुनेश्वर साहू, फागु साहू, पारसनाथ कन्नौजे, रूपसिंग यादव, अश्वनी धीवर सहित अन्य कांवरिया एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

# कवि सम्मेलन में साहित्यकारों ने रचनाओं से बिखेरी कविता की छटा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

आदर्श सत्संग सेवा आश्रम ग्राम केसली के तत्वावधान में क्षेत्रीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। हिंदी और छत्तीसगढ़ी भाषा के अनूठे संगम से सजे इस कवि सम्मेलन में देश-विदेश में पहचान बना चुके साहित्यकारों सहित क्षेत्रीय कवियों ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को देर तक बांधे रखा। हास्य, भक्ति, राष्ट्रप्रेम और सामाजिक सरोकारों से जुड़ी कविताओं ने कार्यक्रम को जीवंत बना दिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सत्यनारायण पटेल ने कहा कि हिंदी और छत्तीसगढ़ी भाषा के समावेश ने इस आयोजन को विशेष और रोचक बना दिया। ऐसे क्षेत्रीय साहित्यिक आयोजन हमारी लोकभाषा, संस्कृति और साहित्य को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। उन्होंने आदर्श सत्संग सेवा आश्रम और ग्राम केसलीवासियों के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन नई पीढ़ी को साहित्य और संस्कृति से जुड़ने की प्रेरणा देते हैं।

कार्यक्रम का शुभारंभ आदर्श सत्संग सेवा आश्रम के संचालक अशोक मिश्रा, डॉ. राम नारायण नेताम, डॉ. ललित सिंह ठाकुर, कवयित्री अन्नपूर्णा पवार आहुति ने कविता की प्रस्तुति को भी श्रोताओं ने जमकर सराहा।

कार्यक्रम के समापन अवसर पर आदर्श सत्संग सेवा आश्रम के संचालक अशोक मिश्रा ने सम्मेलन में शामिल सभी कवियों का साल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मान किया।

### हाई स्कूल में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मना



**मुंडा।** हाई स्कूल चिरपोटा में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों को इस दवा के बारे में बताया गया कि यह कीड़ों को शुगर सोखने से रोककर काम करती है, जो उनके ऊर्जा के मुख्य स्रोत हैं। ऊर्जा के बिना, कीड़े कमजोर होकर मर जाते हैं, यह प्रक्रिया शरीर से कीड़ों को निकालने में मदद करती है, जिससे इन्फेक्शन ठीक हो जाता है। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक गण देवेंद्र कुमार सोनवानी, कृष्णा पाण्डेय, जीवन लाल रजक, प्रकाश कुमार पटेल, ऋचा तिवारी, दिलेश कुमार फेकर आदि उपस्थित थे।

# जिला भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा की परिचयात्मक बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा




जिला भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा की परिचयात्मक बैठक भाजपा कार्यालय में भाजपा कोर समिति के सदस्य शिव रतन शर्मा, प्रदेशअल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष मखमुर इकबाल खान, महामंत्री साजनजोसेफ और जिला सह प्रभारी इलियास खान के मार्ग दर्शन में हुई। पूरे जिले से आए कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए शिव रतन शर्मा ने कहा कि भाजपा में सभी धर्मो का सम्मान होता है।

कार्यकर्ताओं को प्रदेश अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष मखमुर इकबाल खान ने संबोधित करते हुए कहा कि देश , में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं प्रदेश में विष्णु देव की सरकार में अल्पसंख्यक समाज जो मान सम्मान मिल रहा है वह विश्व के किसी अन्य देशों में अल्पसंख्यक वर्ग को नहीं मिल रहा है हमारे यहां प्रदेश में 1 दशमलव 8 प्रतिशत मुस्लिम रहते हैं लेकिन उन्हें 10 में से 10 योजनाओं का लाभ मिलता है। जिला अध्यक्ष मनेद्र सिंह गुंबर सोनी ने भी संबोधित किया। संचालन महामंत्री सबा खान एवं आभार प्रदर्शन शहर अध्यक्ष सलीम खान ने किया

इस अवसर पर प्रदेश कार्य समिति के सदस्य राकेश तिवारी प्रदेश पिछड़ा वर्ग के मंत्री आशीष जायसवाल जिला भाजपा उपाध्यक्ष सुनील यदु, महामंत्री अमित दास जिला उपाध्यक्ष आरिफ हुसैन,हारून रजा,इस्लाम बैग, मंडल अध्यक्ष परवेज खान,माया सलूजा,ईद मोहम्मद एवं अमरजीत स्मार्ट ) सिंह सलूजा, हरजीत छाबड़ा,रविंद्र सिंह चावला, मलकीत सिंह भाटिया, सुशील फीलिप सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • मानसिक रोग
• त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मूत्र संबंधी रोग
• मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग
• पेट संबंधी विकार • थायराइड मांसपेशी का रोग
• अस्थमा • मोटापा • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003 | सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666 | भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व),एसबीआई बैंक के पास, भिलाई(छ.ग.) 95224 66605

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मैटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएँ
• गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
• एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
• सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
• बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
• आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार,
• TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह (एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह (एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें 9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

अब मोतिया-बिन्द की सर्जरी से डरना छोड़िए!
BHASKAR EYE CARE
अनुभवी फेको सर्जन | बिना इंजेक्शन | बिना टांके | बिना पट्टी
MICS तकनीक से सुरक्षित एवं आरामदायक सर्जरी
तेज रिकवरी, तुरंत घर वापसी कम समय में सर्जरी
प्रीमियम MULTIFOCAL / EDOF लैंस उपलब्ध
बिना इंजेक्शन के आई ड्रॉप से सर्जरी
फिर से साफ दिखेगा परिवार का हर मुस्कुराता चेहरा
डॉ. दिलीप लालवानी, नेत्र रोग विशेषज्ञ, फेको सर्जन एवं ग्लूकोमा विशेषज्ञ (MOORFIELDS EYE HOSPITAL, LONDON ARAVIND EYE HOSPITAL, COIMBATORE, AAO MEMBER)
निरंकारी सत्संग भवन के पास, हिंद स्पोर्ट्स फुटबॉल ग्राउंड के पास, ईदगाह भाठा, रायपुर (छ.ग.) 07714024989 | 9329124989

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर 9827144197, 9827144777
DR. ABHISHEK GAWRI MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology) Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### प्राथमिक विद्यालय में शाला प्रबंधन और विकास समिति का पुनर्गठन

**अर्जुनी।** प्राथमिक विद्यालय अर्जुनी में सोमवार को शाला प्रबंधन एवं विकास समिति का पुनर्गठन किया गया ।इसमें अध्यक्ष प्रीति साहू, उपाध्यक्ष ओम प्रकाश साहू, प्रधान पाठक एवं सचिव राम खिलावन बंजारे, भंवर सिंह साहू शिक्षाविद, भूपेंद्र शर्मा पूर्व प्रधान पाठक एवं संरक्षक सदस्य, संरक्षक सदस्य शंकरलाल रजक, वहीं सदस्य में जनपद सभापति प्रतिनिधि त्रिलोक यादव, कन्हैया कटारे, नीलकंठ कटारे, चंदू राम कटारे, संगीता ध्रुव, कामिनी साहू, फेकन यादव, मिलौवतिन ध्रुव, फुलेश्वरी चक्रधारी, कुंती साहू वरिष्ट शिक्षिका, श्यामा साहू वरिष्ट शिक्षिका सहित शाला प्रबंधन विकास समिति का पुनर्गठन हुआ। समिति के गठन के दौरान बैठक हुईं, जिसमें 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाने एवं परिसर में पौधारोपण पर निर्णय लिया गया।

### माध्यमिक शाला में बाल संसद ने ली शपथ





**पलारी।** पूर्व माध्यमिक शाला दतान प में बाल संसद शपथ समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बाल संसद के नवनिर्वाचित सदस्यों एवं विद्यार्थियों को विद्यालय के प्रति अपने कर्तव्यों, जिम्मेदारियों, अनुशासन, स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति समर्पित रहने की शपथ दिलाई गई। ज्ञात हो कि विगत दिवस शनिवार को बाल संसद का गठन विधिवत वोटिंग की प्रक्रिया से पूर्ण किया, जिसमें सभी छात्र-छात्रों ने अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए डिजिटली वोटिंग करते हुए अपने सदस्यों का चुनाव किया। पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सुंदर पहल के अंतर्गत बाल संसद शपथ समारोह के अवसर पर 16 बच्चों को पारिजात के पौधे घर में लगाने एवं उनकी देखभाल करने हेतु वितरित किए गए। यह पहल बच्चों में प्रकृति के प्रति प्रेम, जिम्मेदारी और पर्यावरण संरक्षण की भावना विकसित करने का एक छोटा लेकिन सार्थक प्रयास है। इससे पूर्व प्रथम अवसर पर 11 बच्चों को पारिजात के पौधे प्रदान किए गए थे। इस प्रकार विद्यालय द्वारा बच्चों को पौधों से जोड़ते हुए एक बच्चा–एक पौधा, हर घर हरियाली की भावना को आगे बढ़ाया जा रहा है।

### पीएम श्री विद्यालय में शाला प्रबंधन समिति का गठन देवा अध्यक्ष निर्वाचित

**सुहेला।** पीएमश्री उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुहेला में मंगलवार को शाला प्रबंधन समिति का गठन किया गया। 25 सदस्यीय शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष पद के लिए लोकतांत्रिक



प्रक्रिया के तहत चुनाव कराया गया, जिसमें सुहेला के उपसरपंच देवा धृतलहरे निर्वाचित हुए। वहीं संगीता कौशिक एवं ललिता बांधे को समिति का उपाध्यक्ष चुना गया। विद्यालय के प्राचार्य डीपी कोसले समिति के सचिव होंगे। देवा धृतलहरे के शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष निर्वाचित होने पर जनपद सदस्य भानुप्रताप वर्मा सहित समिति के सदस्यों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर दिनेश चौरे, युगल किशोर वर्मा एवं करन वर्मा सहित अन्य लोगों ने भी नवनिर्वाचित अध्यक्ष को बधाई देते हुए विद्यालय के विकास एवं विद्यार्थियों की शैक्षणिक सुविधाओं को बेहतर बनाने में समिति की सक्रिय भूमिका की उम्मीद जताई।

# खेतों में लौटने लगी हरियाली, रोपा-बुआई का दौर अब समाप्ति की ओर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

लगभग एक माह पूर्व शुरू हुआ खरीफ सीजन का खेती-किसानी से जुड़ा बुआई, रोपा एवं रोपाई का कार्य अब अंतिम चरण में पहुंच गया है। क्षेत्र के अधिकांश किसानों ने अपने खेतों में धान की फसल लगाने का कार्य लगभग पूरा कर लिया है। खेतों में लहलहाते धान के पौधे अब ग्रामीण अंचल में हरियाली की सुंदर तस्वीर प्रस्तुत कर रहे हैं। भरुवाडीह कला के कृषक गेंदलाल साहू ने बताया कि वे इस वर्ष लगभग 8 एकड़ कृषि भूमि में रोपा पद्धति से धान की खेती कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि रोपा लगाने का कार्य लगभग पूरा हो चुका है और अब खेतों में फसल की देखभाल, खाद-उर्वरक तथा खरपतवार नियंत्रण जैसे कार्यों पर किसानों का ध्यान केंद्रित रहेगा। समय पर वर्षा होने से खेती-किसानी के कार्यों को भी काफी गति मिली है।



**• बेहतर फसल की उम्मीद जगी**

वहीं भरुवाडीह कला के कृषक धीरेंद्र कुमार वर्मा ने कहा कि धान की खेती किसानों के लिए केवल आजीविका का साधन नहीं, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था की महत्वपूर्ण आधारशिला है। लगभग एक माह से किसान लगातार खेतों में मेहनत कर रहे हैं और रोपा-बुआई का कार्य अब समाप्ति की ओर पहुंचने से किसानों को कुछ राहत मिली है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष मौसम का साथ मिलने और समय पर कृषि कार्य आगे बढ़ने से किसानों में अच्छी फसल की उम्मीद जगी है। अब किसान फसल की नियमित निगरानी करते हुए बेहतर उत्पादन के लिए आवश्यक कृषि कार्यों में जुटेंगे।

## मुख्यालय से अनुपस्थित रहने वाले सचिव, पटवारी एवं आरएईओ को नोटिस जारी करने के निर्देश

# दृष्टिबाधित प्रिंयका को मिला स्मार्ट फोन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

कलेक्टर कुलदीप शर्मा की संवेदनशीलता और त्वरित निर्णय से आज एक बार फिर जनदर्शन में आए एक जरूरतमंद के चेहरे पर मुस्कान तैर गई। साप्ताहिक जनदर्शन कार्यक्रम के दौरान जब दृष्टबाधित बालिका प्रियंका अपनी समस्या लेकर पहुंची, तो कलेक्टर ने न सिर्फ उसकी पूरी बात आत्मीयता से सुनी, बल्कि उसकी संगीत के प्रति रुचि को देखते हुए तत्काल उसे एक आधुनिक स्मार्ट फोन प्रदान किया। इस दौरान प्रियंका ने अपनी सुरीली आवाज में देशभक्ति गीत भी सुनाई। कलेक्टर ने प्रियंका के.मधुर आवाज की सराहना करते हुए उज्जवल भविष्य और सुरों की दुनिया में जिले का नाम रोशन करने के लिए अपनी ढेरों शुभकामनाएं भी दीं।

कसडोल विकासखंड के ग्राम कटगी निवासी प्रियंका बघेल बचपन से ही दृष्टिबाधित हैं। उन्होंने बताया क्रि बागबाहरा स्थित दृष्टिबाधित बच्चों के विद्यालय से हाई स्कूल तक की पढ़ाई पूरी की है। आगे की पढ़ाई के लिये इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ से संगीत विषय में ग्रेजुएशन करना चाहती है औऱ एडमिशन भी लिया है। आगे की पढ़ाई और ऑनलाइन संगीत कक्षाओं के लिए मोबाइल फोन की आवश्यकता थी। इसी जरूरत को लेकर प्रियंका ने करीब एक सप्ताह पहले कलेक्टर के जनदर्शन में आवेदन देकर मदद की गुहार लगाई थी।



### राशन कार्ड की भी मिली सौगात

सप्ताहभर में कलेक्टर से मिली मदद-जनदर्शन में पहुंची प्रियंका ने कलेक्टर को बताया कि उसे बचपन से ही गाने का और संगीत सीखने का गहरा शौक है। दृष्टिबाधित होने के कारण उसे संगीत की बारीकियों को सीखने, नए गानों को सुनने और उनका अभ्यास करने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। आर्थिक तंगी की वजह से उसका परिवार उसे टच-स्क्रीन स्मार्ट फोन दिलाने में असमर्थ था, जो आज के दौर में दृष्टिबाधितों के लिए 'वॉइस असिस्टेंस' के जरिए पढ़ाई और संगीत सीखने का एक बड़ा माध्यम बन चुका है। प्रियंका की इस परेशानी को कलेक्टर ने पूरी आत्मीयता से समझा और मौके पर ही अधिकारियों को फोन की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। निर्देश का त्वरित अनुपालन करते हुए अगले जनदर्शन में प्रियंका को बुलाया गया और कलेक्टर ने उसे नया मोबाइल फोन भेंट किया। मोबाइल हाथ में आते ही प्रियंका के चेहरे पर खुशी साफ दिखाई दी। कलेक्टर ने प्रियंका की पारिवारिक स्थिति को देखते हुए खाद्य विभाग को 35 किलो चावल वाला राशन कार्ड बनाने के निर्देश भी दिए। इससे प्रियंका के परिवार को खाद्य सुरक्षा योजना का लाभ मिल सकेगा।

### गुणवत्तापूर्ण और तेजी से करें राजस्व प्रकरणों का निराकरण

**बलौदाबाजार।** कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने मंगलवार को समय सीमा की बैठक में विभागीय कार्यों एवं योजनाओं के क्रियान्वयन की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने 3 से 12 माह तक लंबित राजस्व प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण एवं तेजी के साथ निराकरण करने के निर्देश दिये।समीक्षा के दौरान सम्पर्क केन्द्र के माध्यम से ली गई जानकारी के आधार पर अपने निर्धारित मुख्यालय से अनुपस्थित रहने वाले 2 पंचायत सचिव,11 पटवारियों एवं 16 ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। कलेक्टर शर्मा ने जिले के कई सड़कों के जर्जर स्थिति की समीक्षा करते हुए लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया क्रि मरम्मत के लिये स्वीकृत सड़कों का निर्माण बरसात के बाद नये सिरे से शुरु करें लेकिन वर्तमान में सुचारु आवागमन के लिये जरुरी पैच रिपेयर का कार्य निरंतर जारी रखा जाए। उन्होंने कहा क्रि 15 अक्टूबर से सड़क निर्माण कार्य विधिवत प्रारम्भ करने के लिये सभी आवश्यक तैयारी अभी से शुरू कर दें।उन्होंने कई नगरीय निकायों में बारिश में जल भराव को लेकर मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को निर्देशित किया क्रि नालियों की उचित सफाई कराएं और जल भराव की स्थिति पर पम्प आदि की व्यवस्था शीघ्र हो जाना चाहिए।कलेक्टर ने 15 अगस्त की तैयारियां की समीक्षा करते हुए तय समय पर कार्यालयों में ध्वजारोहण सहित अन्य कार्यक्रम बेहतर ढंग से सम्पादित कराने के निर्देश दिये। इस दौरान ई -ऑफिस,सीएम हेल्पलाइन, लंबित राजस्व प्रकरण, सीपी ग्राम्स, मुख्यमंत्री जनदर्शन, स्वामित्व योजना, एग्रीस्टेक पंजीयन, डिजिटल किसान किताब, सेवा सेतु पोर्टल आदि की समीक्षा की गई।

■ जर्जर सड़कों की मरम्मत एवं पैच रिपेयर कार्य में तेजी लाने के निर्देश



## 3850 बच्चों को खिलाई गई एल्बेंडाजोल दवा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुंडा

राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर बच्चों को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई गई। यह दवा 1 वर्ष से लेकर 19 वर्ष तक के सभी बच्चों और किशोर किशोरियों को दी जाती है। बीएमओ डॉ. नवदीप बांधे के मार्गदर्शन में 10 अगस्त को आयुष्मान आरोग्य मंदिर मुंडा एवं इसके अंतर्गत आने वाले ढनढनी बरदा चिरपोटा एवं खम्हारडीह सहित ग्रामों के स्कूलों तथा आंगनबाड़ियों में विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान कुल 3,850 बच्चों को अल्बेंडाजोल की दवा खिलाई गई। वहीं शेष बचे हुए बच्चों को 17 अगस्त को मापअप दिवस के अंतर्गत दवाई खिलायी जाएगी। ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक राजेश कांशी ने बताया कि 1 से 2 वर्ष के बच्चों को आधी गोली और 2 से 19 वर्ष के बच्चों को एक गोली खिलाया गया। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि स्वास्थ्य विभाग के निर्धारित कार्यक्रमों के अनुसार बच्चों को कृमि नाशक दवा आवश्यक खिलाएं। साथ ही बच्चों को नियमित रूप से हाथ धोने स्वच्छ पानी पीने साफ सफाई रखने जागरूक किया।

## शिवमहापुराण कथा के शुभारंभ पर निकाली कलश यात्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

सावण मास पर नगर पंचायत के भैरव बाबा चौक में 10 से 17 अगस्त तक शिवमहापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। महिला समूह एवं नगरवासी कथा समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम को लेकर नगर में श्रद्धा और उत्साह का माहौल है।

भागवताचार्य पं. अरुण नयन तिवारी द्वारा प्रतिदिन दोपहर 1 से शाम 5 बजे तक किया जा रहा है। कथा के माध्यम से श्रद्धालुओं को भगवान शिव की महिमा, शिवभक्ति और सनातन धर्म से जुड़े प्रेरणादायी प्रसंगों का श्रवण कराया जा रहा है।

आयोजन के प्रथम दिन 10 अगस्त को भव्य कलश यात्रा एवं शोभायात्रा निकाली गई। समिति की रश्मि वर्मा ने बताया कि श्रावण मास भगवान शिव की आराधना के लिए विशेष महत्व रखता है। इस पावन माह में श्रद्धा और भक्ति के साथ शिवमहापुराण कथा का श्रवण करने से जीवन में सुख, शांति और आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार होता है।

## पालिका की टीम ने बारिश में जरूतमंदों को पहुंचायी राहत सामग्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

नगर में हुई भारी बारिश के बाद विभिन्न वार्डों में उत्पन्न जलभराव की स्थिति को देखते हुए नगर पालिका परिषद ने तत्काल राहत एवं बचाव अभियान शुरू कर दिया। पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा के निर्देश पर पालिका की पूरी टीम ने मैदान में उतरकर मोर्चा संभाला और प्रभावित क्षेत्रों में जल निकासी, राहत, भोजन, ठहरने तथा स्वास्थ्य सुविधाओं की व्यवस्था सुनिश्चित की। नगर पालिका प्रशासन द्वारा तत्काल गुणवत्तापूर्ण भोजन एवं सुरक्षित ठहरने की समुचित व्यवस्था कराई गई।

■ जरूरतमदों को उपलब्ध करायी गई विशेष सुविधाएं

राहत कार्य को केवल औपचारिकता तक सीमित न रखते हुए पालिका की टीम ने दिन-रात मौके पर मौजूद रहकर जल निकासी एवं राहत कार्यों की निगरानी की। अध्यक्ष के निर्देश पर पूरी टीम मैदान में, जलभराव वाले इलाकों में रात-दिन राहत और निकासी अभियान, प्रभावित परिवारों के लिए भोजन-ठहरने की व्यवस्था, मेडिकल टीम ने संभाला मोर्चा, घर-घर पहुंचकर स्वास्थ्य जांच और दवाइयों का वितरण किया गया।



### बीमा की रकम हड़पने एक्सीडेंट की झूठी रिपोर्ट

**महासमुंद।** बीमा की रकम हड़पने कार एक्सीडेंट की झूठी रिपोर्ट लिखाने वाले आरोपी के विरूद्ध सिंघोड़ा थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस ने पूरे मामले को लेकर बताया कि 12/07/2026 को करन मुन्ना पिता हेमचंद मुन्ना (26 साल) ग्राम छुईपाली ने सिंघोड़ा थाने में आवेदन दिया कि स्वीफ्ट कार क्रमांक सीजी 06 एचबी 6024 के चालक बंशी पटेल के द्वारा तेज एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाकर उसके पिता हेमचंद मुन्ना को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया था। आवेदन पर धारा 281,125(ए) बीएनएस के तहत मामला दर्ज का गया। मामले की जांच के दौरान इस प्रकरण में प्रार्थी एवं गवाहों ने अपने कथन में स्वीफ्ट कार क्रमांक सीजी 06 एचबी 6024 से घटना 07/07/2026 को एक्सीडेन्ट करना बताए। वहीं विवेचना के दौरान वाहन की ऑनलाइन जानकारी निकालने पर उक्त स्वीफ्ट कार क्रमांक सीजी 06 एचबी 6024 के मालिक का नाम जयंत कुमार पटेल पिता हेतराम पटेल (36 साल) ग्राम केदुआ थाना सरायपाली होना पाया गया एवं 16/07/2026 को वाहन चालक लोकनाथ उर्फ बंशी पटेल पिता उदेकर पटेल (45 साल) बोदापाली थाना सरायपाली के द्वारा घटना 07/07/2026 को एक्सीडेंट करने से एक व्यक्ति को चोटिल होना स्वीकार कर स्वीफ्ट कार क्रमांक सीजी 06 एचबी 6024 को थाना सिंघोड़ा आकर जब्त कराया।

## सशिमं में मनाया गया हरेली तिहार



**खरोरा।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पारंपरिक एवं प्रमुख लोकपर्व हरेली तिहार मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोक संस्कृति और कृषि परंपरा की झलक देखने को मिली। हरेली तिहार के अवसर पर विद्यालय के बागवानी एवं बाड़ी कार्य में उपयोग होने वाले कुदारी, रापा, टंगिया, हंसिया, कटर एवं गेड़ी सहित कृषि उपकरणों की साफ-सफाई कर उन्हें पूजा स्थल पर विधिवत स्थापित किया गया। साथ ही छत्तीसगढ़ महतारी के तैलचित्र को भी स्थापित कर विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया गया। पूजन के दौरान छत्तीसगढ़ महतारी एवं कृषि उपकरणों को पारंपरिक व्यंजन चीला का भोग अर्पित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं की विशेष सहभागिता रही। छत्तीसगढ़ के तीज त्यौहार रीति रिवाज परंपरा को शिक्षा के माध्यम से सरस्वती शिशु मंदिर के आचार्य बंधु- भगिनी शिक्षा संस्कार बच्चों को ज्ञानार्जन करा रहे हैं। पूरे कार्यक्रम में उत्साह और उमंग का वातावरण रहा। छत्तीसगढ़ के तीज त्यौहार रीति रिवाज परंपरा को शिक्षा के माध्यम से सरस्वती शिशु मंदिर के आचार्य बंधु- भगिनी शिक्षा संस्कार बच्चों को ज्ञानार्जन करा रहे हैं।

## सामाजिक न्याय के मार्ग पर चलने का लिया संकल्प

# मिनी माता की पुण्यतिथि पर कांग्रेसजनों ने दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

छत्तीसगढ़ की प्रथम महिला सांसद एवं महान समाजसेविका मिनी माता की पुण्यतिथि पर जिला कांग्रेस कार्यालय में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कांग्रेसजनों एवं कार्यकर्ताओं ने मिनी माता के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि मिनी माता ने अपना संपूर्ण जीवन समाज के वंचित, शोषित और जरूरतमंद वर्गों के अधिकारों के लिए समर्पित किया। उन्होंने महिलाओं के सम्मान, शिक्षा, सामाजिक समानता और जनहित के मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। सामाजिक न्याय के लिए उनका संघर्ष और जनसेवा के प्रति समर्पण आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत है।



कांग्रेसजनों ने कहा कि मिनी माता ने अपने कार्यों के माध्यम से समाज में समानता और भाईचारे का संदेश दिया। उनके विचार आज भी सामाजिक समरसता और वंचित वर्गों के अधिकारों की लड़ाई में मार्गदर्शन प्रदान करते हैं। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित कांग्रेसजनों ने मिनी माता के बताए सामाजिक न्याय, समानता और जनसेवा के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

श्रद्धांजलि कार्यक्रम में जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुमित्रा घृतलहरे, पूर्व पाठ्य पुस्तक निगम अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी, पूर्व जिला अध्यक्ष दिनेश यदु, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष परमेश्वर यदु, शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रवीण सेन, ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष दीपक साहू, जिला महामंत्री सुनील साहू, जितेंद्र नवरत्न, पूर्व जिला पंचायत सदस्य परमेश्वरी साहू, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष पलारी सुनील कुर्रे, शहर महामंत्री नीरज बांधे, डॉ. कमलेश्वर यदु, रविंद्र नामदेव, सेवादल जिला अध्यक्ष संतोष यादव, देवीलाल बार्वे, वीरेंद्र बहादुर कुर्रे, पुष्पा बंजारे सहित कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

